# अमित बैनर्जी ने बीईएमएल लिमिटेड के सीएमडी के रूप में पदभार ग्रहण लिया



श्री अमित बैनर्जी ने रक्षा मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम बीईएमएल लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया।

श्री बैनर्जी आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी से यांत्रिक इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। वे सहायक इंजीनियर के रूप में शामिल हुए थे और उन्हें अनुसंधान एवं विकास और विनिर्माण कार्यों में 37 से अधिक वर्षों का विशाल अनुभव है।

उन्होंने दिल्ली, जयपुर, कोलकाता, बेंगलूर और मुंबई के लिए मेट्रो कारों, स्टेनलेन स्टील ईएमयू और इंटरमेडियट मेट्रो कारों, कैटेनरी अनुरक्षण वाहन और भारतीय सेना के लिए पीएसएस ब्रिज के स्वदेशी विकास के लिए कार्य किया। वर्तमान पद संभालने से पहले, श्री बैनर्जी निदेशक (रेल और मेट्रो) बीईएमएल थे।

औपचारिक रूप से कार्यभार संभालने के बाद, श्री बैनर्जी ने कहा, “इस समय बीईएमएल का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान है। बीईएमएल टीम के साथ हम आत्मनिर्भरता की दिशा में अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे और बीईएमएल को और अधिक ऊंचाईयों पर ले जाएंगे।”

27 अगस्त, 2021 बीईएमएल लिमिटेड का मीडिया रिलीस